भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1869

उत्तर देने की तारीख-19/12/2022

आंध्र प्रदेश के राजामुन्दरी में सरकारी डिग्री कॉलेज

†1869. श्री मारगनी भरत:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के तहत आंध्र प्रदेश के राजामुन्दरी के सरकारी डिग्री कॉलेज में गुणवत्ता और उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए निधि की स्वीकृति दी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) उपरोक्त कॉलेज में शुरू किए गए और पूरे किए गए कार्यों की स्थिति क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग): राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) योजना के तहत, राजमुंदरी, आंध्र प्रदेश में सरकारी डिग्री कॉलेज को दो घटकों के तहत केंद्रीय सहायता की मंजूरी दी गई है। 'कॉलेजों के लिए अवसंरचना अनुदान' घटक के तहत, 1.20 करोड़ रुपये के केंद्रीय शेयर की मंजूरी दी गई है और 'चयनित स्वायत्त कॉलेजों में गुणवत्ता और उत्कृष्टता संवर्द्धन' घटक के तहत 3.00 करोड़ रूपए का केंद्रीय शेयर स्वीकृत किया गया है।

रूसा के तहत, रूसा के परियोजना अनुमोदन बोर्ड द्वारा किसी संस्थान के अनुमोदन के बाद, संस्थान के लिए केंद्रीय हिस्सा जारी करना राज्य द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों के साथ पूर्ण प्रस्ताव समय पर प्रस्तुत करने पर निर्भर है। पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत न किए जाने के कारण राजकीय डिग्री कॉलेज, राजमुंदरी को 'चयनित स्वायत्त कॉलेजों में गुणवत्ता और उत्कृष्टता संवर्द्धन' घटक के तहत कोई राशि जारी नहीं की गई है। चूंकि योजना के दूसरे चरण की अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि इस घटक के अधीन इस कॉलेज की केंद्रीय प्रतिबद्ध देनदारी को आगे नहीं ले जाया जाएगा। हालांकि, 'कॉलेजों को अवसंरचना अनुदान' के घटक के संबंध में कॉलेज के लिए 1.20 करोड़ रुपये का पूर्ण अनुमोदित केंद्रीय शेयर जारी किया गया है। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, कॉलेज द्वारा किए गए कार्य जैसे कक्षा भवन का नया निर्माण, मौजूदा सुविधाओं का नवीनीकरण और उपकरणों की खरीद पूरी हो गई है।

*****